# कार्यालय प्राचार्य, विष्णुचरण गुप्ता शासकीय महाविद्यालय
# पुसौर जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

Email: newgovtcollegepusaur@gmail.com Website – http://www.vcgcollegepussore.in

पुसौर, दिनांक 08/05/2021

## // प्रेस विज्ञप्ति //

आज दिनांक 08/05/2021 दिन शनिवार को **''कोविड–19ः समय का सदुपयोग एवं जागरूकता अभियान''** विषय पर वेबीनार का सफल आयोजन किया गया। आयोजन का संचालन श्री रमेश कुमार साहू (आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी) द्वारा प्रारंभ किया गया। तद्उपरांत मुख्य प्रवक्ता डॉ. सरोज कुमार (नैक प्रभारी) वि.च.गु. शासकीय महाविद्यालय पुसौर के द्वारा प्रस्तावना पश्चात् सदगुरू देव महाराज जी द्वारा दिये गये वक्तव्य कोरोना से बचाव, आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर होने वाले परिवर्तन, सजगतापूर्वक बचाव के सुझाव एवं उपाय विडियो क्लिप के माध्यम से दिखाये।

डॉ. सरोज कुमार द्वारा गॉंच व शहर के दैनिक दिनचर्या, रहन–सहन एवं खान–पान पर एक सामान्य तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया। हमे अपने लिये, अपने परिवार के लिये गांव व समाज के शिक्षित होने के नाते क्या–क्या कार्य ईमानदारी एवं जिम्मेदारी पूर्वक करनी चाहिये। जनहित के 09 बिन्दुओं पर अपील तथा हमें क्या नहीं करना है, इस विषय वस्तु पर विवरण, व्याख्यान एवं सुझाव प्रस्तुत किये गये। महाविद्यालयीन विद्यार्थियों द्वारा कोरोना काल में बचाव एवं सुझाव हेतु तैयार किये गये विडियो क्लिप प्रस्तुत किये जो अत्यंत प्रेरणास्पद रहे।

कोविड–19 से संबंधित संकलित कविता कु. द्रौपदी श्रीवास, जोतराम सिदार एवं साथियों द्वारा लिखित रचनाओं को प्रदर्शन के साथ ही साथ वाचन भी किया गया। आत्म प्रेरित होकर हमारे महाविद्यालय के छात्र मुकेश कुमार सिदार द्वारा कोरोना पीड़ित लोगों की सेवा में समर्पित कार्य को सराहनीय, अद्भूत एवं अकल्पनीय बताते हुए विद्यार्थियों को इस तरह के पुनीत मानवीय सेवाओं में जुड़ने के लिये प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में श्री श्रीबच्छ भोय सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) द्वारा आभार प्रदर्शन के सम्पन्न किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.एल.सोनवाने, नोडल अधिकारी डॉ. एम.एल.पटेल, डॉ. रोहिणी आर्या वर्मा, श्री विजय कुमार कांटे, श्री हरिहर प्रसाद चौहान, श्री जयनारायण नायक, कु. अंतिमा प्रधान, कु. गरिमा जोशी एवं महाविद्यालय के अन्य स्टाफ उपस्थित थे। कोविड 19 संक्रमण के कारण इस वेबीनार का आयोजन जूममीट एवं यू–ट्यूब पर लाइव प्रसारण द्वारा सम्पन्न किया गया, जिसमें लगभग 60 विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई।

नैक प्रभारी

आई.क्यु.ए.सी. प्रभारी

प्राचार्य
वि.च.गु. शास. महाविद्यालय पुसौर
जिला–रायगढ़ (छ.ग.)